## Headline

1. **Sunil Chhetri:** भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने की संन्यास की घोषणा, छह जून को खेलेंगे आखिरी मैच
2. **Bihar:** मदरसे में बम धमाका, गेंद समझकर छात्र ने उठाया, मौलाना ने की फेंकने की कोशिश तो हुआ विस्फोट, दोनों घायल
3. मायावती का हमला: महंगाई से मुक्ति नहीं दिला पा रही भाजपा, गरीबी-पिछड़ापन दूर करने में भी विफल
4. **UP:** सीएम केजरीवाल बोले- मोदी की सरकार बनते ही हटाए जाएंगे योगी, अखिलेश बोले - 140 सीटों से ज्यादा नहीं जीतेंगे
5. **PM Modi:** स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री पर हमले पर पीएम मोदी ने जताया दुख, लिखा- खबर से गहरे सदमे में हूं
6. **Pakistan:** 'भारत चांद पर पहुंच गया, हमारे बच्चे गटर में गिरकर मर रहे', पाकिस्तानी सांसद ने दिल खोलकर की तारीफ
7. **Kavita Krishnamurthy:** यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित हुईं कविता, मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 303 | इंदौर, गुरुवार 16 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए







### रौंगटे खड़े कर देने वाले हादसे के बाद...

# गाड़ी काटकर निकाले शव

## इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर ट्रक में घुसी कार, 8 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर/धार। इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर बेटमा के पास बुधवार रात करीब 10.30 बजे रौंगटे खड़े कर देने वाला सडक़ हादसा हो गया। फोरलेन पर एक कार खड़े ट्रक में टकरा गई। हादसे में कार सवार एक महिला सहित 8 लोगों की मौत हो गई। गुरुवार सुबह सभी शवों को जिला अस्पताल इंदौर लाया गया। यहां पोस्टमॉर्टम किया गया है। हादसा इतना भीषण था कि शवों को गाड़ी काटकर निकाला गया।**

जानकारी के मुताबिक कार सवार आलीराजपुर के बोरी गांव में कार्यक्रम से लौट रहे थे। उन्हें गुना में अपने गृह ग्राम जाना था। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। पुलिस, प्रशासन की टीमें और एंबुलेंस बाद में पहुंचीं। एएसपी इंदौर रूपेश द्विवेदी ने बताया कुल 9 लोग वाहन में थे। आठ की मौत हो गई है, एक घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया मृतकों में एक पुलिस जवान भी शामिल है। वह ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में पदस्थ था।

बुरी तरह क्षतिग्रस्त गाड़ी को जगह-जगह से काटकर शवों को निकाला गया। सभी मृतक गुना जिले के ही हैं। एएसपी के मुताबिक राहगीरों ने क्षतिग्रस्त गाड़ी को देखा तो पुलिस को खबर दी। गाड़ी में से कुछ



लोगों के कराहने की आवाज आ रही थी, लेकिन जब उन्हें निकाला गया तब तक सभी की मौत हो चुकी थी।

### हादसे के शिकार मृतकों के नाम

हादसे में कमलेश (34), धनसिंह (50), नर्मदी, ब्रजेश, अंतिम (35), रतनसिंह (50), तेरसिंह (55), नानका (70) की मौत हुई है। सभी गुना जिले के रहने वाले हैं।

### 4 - 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की बात कही है। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि जिला प्रशासन को हादसे में घायल के समुचित उपचार

# धूलभरी आंधी के साथ बारिश

## बायपास पर बूंदाबांदी, वाहन चालकों को करना पड़ा परेशानी का सामना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **बुधवार शाम अचानक से मौसम बदल गया। दिन भर तेज धूप के बाद शाम 5 बजे से धूल भरी तेज आंधी चलने लगी। जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली। शहर के बाइपास इलाकों में बदल छाने के बाद बौछारें भी पड़ी। हल्की बूंदाबांदी से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने आज और कल भी शहर में हल्की बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई है।**

इससे पहले कल और परसों हुई बारिश के बाद दिन और रात के तापमान में भी कमी आई, जिससे रात से ही ठंडक का माहौल भी बना हुआ है, वहीं सुबह से बादल भी छाए हैं। विमानतल स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक कल दिन का अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री और परसों की अपेक्षा 1 डिग्री कम था, वहीं रात का न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री रहा, जो सामान्य था।

मौसम विभाग के मुताबिक, हवा की दिशा पश्चिमी व उत्तर-पश्चिमी रही होने और प्रदेश के आसपास सक्रिय चार सिस्टम्स के कारण मौसम बिगड़ा हुआ है। आज भी इसका असर बना रहेगा। इस दौरान तेज हवाएं और बारिश देखने को मिलेगी। कल से तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है, जो आने वाले दिनों में लगातार जारी रहेगी। भोपाल मौसम केंद्र के मुताबिक प्रदेश के आसपास सक्रिय चार सिस्टम्स के कारण आज और कल भी बारिश और तेज हवाएं देखने को मिलेंगी।

### 24 घंटों में 2 डिग्री गिरा तापमान

बुधवार का दिन भी काफी गर्म रहा। इस दौरान गर्म हवाओं के थपेड़ों से लोग हलाकान हो गए दोपहर का तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया मंगलवार को भी दिन का तापमान इतना ही रिकॉर्ड किया गया था। शाम को भी बादल छाए और तेज हवाएं चली। इस दौरान कहीं-कहीं बूंदाबांदी तो कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिकों ने 16 मई तक ऐसा ही मौसम बने रहने का अनुमान जताया गया है

### इस वजह से मौसम बदला

प्रदेश के आधे से ज्यादा हिस्से में पिछले छह दिन से बारिश, आंधी और ओले का दौर जारी है। कटऊ, भोपाल की सीनियर वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ), दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और ट्रफ लाइन गुजरने की वजह से ऐसा मौसम है। उत्तर भारत के कुछ जगहों पर नमी होने से बारिश हो रही है। अगले 2 दिन तक ऐसा ही मौसम रहेगा। 17 मई के बाद गर्मी का असर बढ़ेगा।

### अगले 4 दिन ऐसा रहेगा मौसम

**15 मई:** इंदौर, भोपाल, देवास, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, पांढुर्णा, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, दमोह, पन्ना, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, मंडला, सिवनी और बालाघाट में मौसम बदला रहेगा। कहीं-कहीं बारिश तो कहीं तेज आंधी चल सकती है।

**16 मई:** नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी और बालाघाट में भी मौसम बदला रहेगा। बादल, बूंदाबांदी और आंधी वाला मौसम रहेगा।

**17 मई:** भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में गर्म हवाएं चलेंगी।

**18 मई:** ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, गुना, अशोकनगर, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर जिलों में हीट वेव चलने का अलर्ट है।

### एक और सिस्टम एक्टिव हो रहा

मौसम विभाग के अनुसार- 17 मई को उत्तर भारत में एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इसका असर 2-3 दिन बाद यानी, 20 मई से प्रदेश के कुछ हिस्सों में देखने को मिल सकता है।

## उद्योग संचालकों के साथ समन्वय बैठक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अमित तोमर के निर्देश पर इंदौर, देवास, पीथमपुर इत्यादि के उद्योग संगठनों, उद्योग संचालकों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन समय समय पर किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शहर अधीक्षण यंत्री मनोज शर्मा के मार्गदर्शन में इंदौर शहर के नेमावर रोड क्षेत्र के उद्योग संचालकों की बैठक हुई। इसमें ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि, रात में औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत सुधार के दो दल तैनात रखने आदि विषयों पर चर्चा कर समय पर कार्य के लिए निर्देशित किया गया। 33 केवी वाले उद्योग संचालकों ने अपने परिसर में डीओ, केबल जलने से पूरे फीडर पर अवरोध आने से बचने के लिए वार्षिक मैंटेनेंस कार्य ( अटउ) कराने का निर्णय लिया। विद्युत अधिकारियों और उद्योग संचालकों ने परस्पर तालमेल एवं सहयोग के विद्युत व्यवस्था बेहतर करने पर बल दिया। इस अवसर पर पालदा, नेमावर रोड उद्योग संघ के हरीश नागर, प्रमोद जैन, विद्युत वितरण कंपनी के इंदौर दक्षिण संभाग के कार्यपालन यंत्री डीके तिवारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# ग्रीनपार्क कॉलोनी में बिजली समस्या से रहवासियों में आक्रोश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इन दिनों गर्मी अपने तेवर दिखा रही है, हर घर में बिजली की खपत बड़ी हुई है। ग्रीन पार्क में बिजली विभाग की गैर जिम्मेदारी से किसी भी दिन बड़ा हादसा हो जाएगा । इसे लेकर बाक पंचायत के रहवासियों में खासा आक्रोश है।

एक प्रेस बयान में युवक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सरफराज अंसारी ने बताया कि ग्रीनपार्क कॉलोनी में एल.टी. केबल बिजली विभाग वालों ने लगा रखी है ,उसमें जगह-जगह जॉइंट लगे हुए हैं। केबल की हालत ऐसी हो गई है कि वह लटक कर इतने नीचे आ गई की कोई भी उसे छू सकता है। गर्मी की वजह से लोड ज्यादा हुआ है, यह केबल लोड झेल नहीं पा रही। आए दिन कहीं भी फाल्ट हो रहे हैं। इसकी वजह से पूरी बांक पंचायत में घंटों लाइट गुल रहती है। गर्मी की वजह से लोगों का जीना मुश्किल होता जा रहा है।

बाक पंचायत में जितनी डीपी लगी है, सभी में लोड अधिक है उनकी हालत भी किसी से छिपी हुई नहीं है । मेंटेनेंस यहां नाम का भी नहीं हो रहा है, सबसे ज्यादा खतरा तो जर्जर एलटी केबल से है।ग्रीनपार्क कॉलोनी के रहवासी बिजली कम्पनी की उदासीनता के चलते परेशान हो रहे हैं, क्योंकि समस्याओं का ठोस समाधान अधिकारी कर नहीं पा रहे हैं।बता दें एलटी केबल से क्षेत्र में बिजली सप्लाई हो रही उसमें इतने जॉइंट लगे हैं की बता नहीं सकते। जॉइंट की वजह से फॉल्ट होता रहता है। केबलें नीचे लटकी हुई है,किसी भी दिन कोई बड़ी जनहानि यहां हो सकती है। बिजली विभाग के सिरपुर जोन के एई आरके गुप्त से पूर्व में भी कई बार शिकायत कर चुके है,उसके बाद भी बाक पंचायत की डीपी, केबल, वोल्टेज और डीपी बॉक्स की समस्याओं का निराकरण आज तक नही किया गया है। उपसरपंच शहजाद बाबा, पंच आसिफ खान, सरफराज अंसारी,इमरान कुरेशी, खलील मुल्तानी, जाकिर खान, शादाब पटेल, साजिद शेख, पंच जाकिर हुसैन, अबुजर बेलिम ने कहा अगर कभी भी कोई हादसा हुआ तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी श्री गुप्ता की रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी एक सप्ताह में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सिरपुर जोन पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# डीएवीवी की अंडर ग्रेजुएट एग्जाम लेट

## अक्टूबर में आएगा रिजल्ट:अब बीए, बीकॉम, बीएससी परीक्षा का टाइम टेबल ही जारी नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **अप्रैल-मई में होने वाली बीए, बीकॉम, बीएससी सहित अन्य स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षा का टाइम टेबल नहीं आया है। उत्तर पुस्तिका की कमी के चलते विश्वविद्यालय जून के तीसरे सप्ताह से परीक्षा करवाने जा रहा है। कॉपियों के लिए विश्वविद्यालय ने एजेंसी तय कर दी है, जो अगले कुछ सप्ताह में इन्हें भिजवाना शुरू कर देगी। करीब 10 लाख मुख्य कॉपियों की आवश्यकता है। इस वजह से भी विश्वविद्यालय ने परीक्षा का टाइम टेबल नहीं निकाला है। दोनों परीक्षाओं में करीब 90 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे।**

अधिकारियों के मुताबिक स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा के लिए कई सरकारी-निजी कॉलेजों को केंद्र बनाया है। यह परीक्षा खत्म होने के बाद प्रथम व द्वितीय वर्ष के पेपर रखेंगे, क्योंकि इन परीक्षाओं के लिए भी केंद्र बनाना होंगे। वे बताते है कि एनईपी वाले पाठ्यक्रम होने के चलते परीक्षाएं 45-55 दिन चलेंगी। जून-अगस्त के बीच पेपर होंगे। उसके बाद मूल्यांकन के लिए 60 दिन का समय लगेगा। इसके चलते अक्टूबर से पहले रिजल्ट आना संभव नहीं है। परीक्षाओं का ढर्रा बिगड़ने से अगला शिक्षा सत्र भी देरी से शुरू होगा। परीक्षा विभाग के सहायक कुलसचिव डा. विष्णु मिश्रा का कहना है कि परीक्षा को लेकर जल्द ही शेड्यूल जारी किया जाएगा।

## संघ के पदाधिकारियों से खेड़ीघाट पर हुई दौर के लोकतंत्र सेनानियों की मंत्रणा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लोकतंत्र सेनानी संघ के पदाधिकारियों ने राज राजेश्वरी सेवा न्यास, खेड़ीघाट पर मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश सोनी, प्रकाश शास्त्री एवं ईश्वरदास हिन्दुजा के साथ ही नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

लोकतंत्र सेनानी संघ के जिलाध्यक्ष गिरीश शर्मा आदित्य ने बताया कि खेड़ीघाट में आयोजित इस विशिष्ट आयोजन में सांसद शंकर लालवानी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे, जिन्होंने रावेरखेड़ी स्थित प्रख्यात मराठा योद्धा बाजीराव पेशवा के समाधि स्थल पर पुष्पांजलि भी समर्पित की। इसके बाद नर्मदा तट के प्रसिद्ध संत भट्यान बाबा, जिन्हें सियाराम बाबा के नाम से भी जाना जाता है, के दर्शन कर वहां नर्मदा स्नान के बाद पूजा-अर्चना भी की है। इस अवसर पर लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष गणेश अग्रवाल, ओमप्रकाश वर्मा, प्रहरी संघ के विपिन शेखावत आदि भी उपस्थित थे। गिरीश शर्मा आदित्य ने इस अवसर पर अपनी पुस्तक भी सुरेश सोनी एवं संघ के अन्य पदाधिकारियों को भेंट की।

## कुछ दिनों तक परिवर्तित मार्ग से चलेगी 11 ट्रेनें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। (ईएमएस) शंभू स्टेशन पर किसान आंदोलन और विरोध प्रदर्शन के चलते रतलाम रेल मंडल से गुजरने वाली 11 प्रभावित हो रही है। रतलाम रेल मंडल ने अब इन ट्रेनों को परिवर्तित मार्गों से चलाने की सूचना जारी की है। 15 मई को 12919 महू-श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा वाया जाखल-धूरी-लुधियाना चलेगी। 16 मई को 12471 बांद्रा टर्मिनस- श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा एक्सप्रेस वाया जाखल-धूरी-लुधियाना चलेगी। 15 मई को 12477 जामनगर- श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा एक्सप्रेस वाया अंबाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा- सरहिंद-सानेहवाल चलेगी। 15 मई को 12475 हापा श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा एक्सप्रेस वाया अंबाला- चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद- सानेहवाल चलेगी। 14 मई को 19325 इंदौर-अमृतसर एक्सप्रेस वाया अंबाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा- सरहिंद-सानेहवाल चलेगी। 14 व 15 मई को 12903 मुंबई सेंट्रल- अमृतसर एक्सप्रेस वाया अंबाला- चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा-सरहिंद- सानेहवाल चलेगी। 15 व 16 मई को 12920 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा-महू एक्सप्रेस वाया लुधियाना-धूरी-जाखल चलेगी। 16 मई को 19326 अमृतसर-इंदौर एक्सप्रेस वाया सानेहवाल- चंडीगढ़-अंबाला चलेगी। 15 मई को 12472 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस वाया सानेहवाल-चंडीगढ़- अंबाला चलेगी। 15 व 16 मई को 12904 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस वाया सानेहवाल-चंडीगढ़- अंबाला चलेगी।

# आआइटी इंदौर ने हार्डवेयर सिक्योरिटी और इमेज सेंसिंग के लिए डिजाइन किए दो चिप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर को बड़ी उपलब्धि मिली है। संस्थान में ओपन-सोर्स साफ्टवेयर के जरिए दो चिप ह्यहार्डवेयर सिक्योरिटी और मैट्रिक्स मल्टीप्लायरह्ल डिजाइन किए हैं। इन चिप को ईफेबलेस ओपन मल्टी प्रोजेक्ट वेफर (एमपीडब्ल्यू) कंपनी ने फेब्रिकेट करने के लिए चुना है। दरअसल, कंपनी को दुनियाभर से 144 चिप के डिजाइन प्राप्त हुए थे, जिसमें 83 भारत से थीं। इसमें आइआइटी इंदौर की दो चिप का चयन हुआ है।**



शोधार्थी नेहा माहेश्वरी ने हार्डवेयर सिक्योरिटी चिप डिजाइन की है। यह चिप एक हार्डवेयर सिक्योरिटी एप्लिकेशन के लिए काम करेगी, जो साइबर खतरों से सुरक्षा बढ़ाएगी। यह डिवाइस आर्थेंटिकेशन और प्राइवेसी पालिसी जैसे विभिन्न एप्लिकेशन के लिए सिक्योरिटी बढ़ाने में मदद करेगी, जिससे अनधिकृत पहुंच और छेड़छाड़ से सुरक्षा मिलेगी। दूसरी चिप शोधार्थी राधेश्याम शर्मा ने अपनी टीम एमटेक की छात्रा कोमल गुप्ता और बीटेक छात्र सात्विक रेड्डी के साथ मिलकर बनाई है।

उन्होंने मैट्रिक्स मल्टीप्लायर डेवलप किया है, जोकि एआइ चिप में इस्तेमाल किए जाते हैं। यह चिप आवाज पहचानने, इमेज प्रोसेसिंग और कंप्यूटर ग्राफिक्स जनरेट करने के लिए उपयोगी होती है। आटोमेटिक कार में इमेज सेंसिंग के लिए इसी चिप का इस्तेमाल होता है। इसके चलते संस्थानों में इस साफ्टवेयर का इस्तेमाल कर पाना मुश्किल होता है। हालांकि कुछ साफ्टवेयर हैं, जहां निश्शुल्क चिप को डिजाइन किया जाता है। इसके बाद चिप की डिजाइन को ईफेबलेस कंपनी के पास भेजा जाता है।

यह कंपनी निःशुल्क चिप को फेब्रिकेट करती है। हालांकि यहां चिप का सिलेक्शन होना मुश्किल कार्य होता है। क्योंकि दुनियाभर से कंपनी के पास डिजाइन आते हैं, जिसमें से वह सिर्फ सबसे बेहतर डिजाइन वाली व अधिक उपयुक्त चिप को ही चुनते हैं और उसे निश्शुल्क फेब्रिकेट करते हैं। ऐसे में आइआइटी इंदौर की चिप का चयनित होना बड़ी उपलब्धि है।

# इंदौर-गोवा फ्लाइट अहमदाबाद डायवर्ट

## मौसम खराब होने से हवा में 1 घंटे चक्कर लगाता रहा, रात 8 बजे लौटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मंगलवार शाम मौसम के अचानक बदलने से इंदौर से आने जाने वाली फ्लाइट को भारी टबुर्लेंस का सामना करना पड़ा। वहीं गोवा से इंदौर आई फ्लाइट तेज हवाओं की चपेट में आने से बच गई। हवा तेज चलने के कारण गोवा से इंदौर आई फ्लाइट को लैंड करने की अनुमति नहीं मिली, जिससे वह इंदौर के आसमान पर 1 घंटे तक चक्कर लगाती रही। आखिकार जब 1 घंटे बाद भी मौसम साफ नहीं हुआ तो फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया।

एयरपोर्ट प्रबंधन के अनुसार इंडिगो की उड़ान 6ए813 रोजाना गोवा से दोपहर 2.45 बजे उड़ान भरकर शाम 4.30 बजे इंदौर आती है। मंगलवार को तय समय पर उड़ान भरी और इंदौर हवाई क्षेत्र में आ गया था, तभी अचानक से यहां पर मौसम खराब हो गया और इसके बाद विमान को एटीसी ने लैंड करने की अनुमति नहीं दी। करीब पौन घंटे तक चक्कर लगाने के बाद विमान को 5.35 बजे अहमदाबाद भेजा गया। बाद में मौसम साफ होने पर 8 बजे विमान इंदौर आया। इस दौरान यात्री परेशान होते रहे। बाद में यहीं विमान इंदौर से रायपुर के लिए रवाना हुआ। विमान में कुल 166 यात्री सवार थे।

### दिल्ली उड़ान फिर निरस्त

इंडिगो एयर लाइंस ने मंगलवार को एक बार फिर सुबह दिल्ली से इंदौर आकर वापस दिल्ली जाने वाली उड़ान को निरस्त कर दिया। प्रबंधन ने बताया कि सुबह 10.35 बजे दिल्ली से इंदौर आकर 11.05 बजे वापस दिल्ली जाने वाली उड़ान को ऑपरेशनल कारणों से निरस्त किया गया है। इस पर परेशान यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा किया। कंपनी ने यात्रियों को रिफंड और री-बुकिंग का विकल्प दिया।

# दुर्घटना का कोई प्रत्यक्ष गवाह नहीं मिला, कोर्ट ने कैंसिल किया 70 लाख रुपये का बीमा क्लेम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **दुर्घटना का कोई प्रत्यक्ष साक्षी नहीं होने का नुकसान मृतक के स्वजन को हुआ। जिला न्यायालय ने उनकी ओर से प्रस्तुत क्लेम प्रकरण निरस्त कर दिया। कोर्ट ने माना कि मृतक के स्वजन दुर्घटना को साबित कर पाते तो उन्हें 14 लाख 60 हजार रुपये क्षतिपूर्ति पाने का अधिकार होता।**

इंदौर के श्याम नगर एनेक्स निवासी रवि उर्फ सुनील चौहान की सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। उनके स्वजन ने यह कहते हुए वाहन का बीमा करने वाली कंपनी के खिलाफ 70 लाख रुपये क्षतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत किया था कि सुनील वाहन में ड्रायवर के पास बैठे हुए थे और हादसे की वजह से ही उनकी मृत्यु हुई है। उन्होंने अपनी बात के समर्थन में पांच गवाहों के बयान भी करवाए। बीमा कंपनी की ओर से एडवोकेट मुजीब खान ने गवाहों का प्रतिपरीक्षण किया। इसमें सभी गवाहों ने स्वीकारा कि हादसा उनके सामने नहीं हुआ था इसलिए वे नहीं बता सकते कि हादसे के वक्त रवि उर्फ सुनील वाहन चला रहे थे या चालक के पास की सीट पर बैठे थे। किसी ने भी हादसा होते हुए नहीं देखा था। ऐसे में वे नहीं बता सकते कि किसकी लापरवाही से हादसा हुआ था। न्यायालय ने गवाहों के बयान और एडवोकेट खान के तर्कों से सहमत होते हुए क्लेम प्रकरण निरस्त कर दिया।

## भारतीय सेना की उम्मीदों पर 100 फीसदी खरा है यह एमपीवी!

**इंदौर**। जबलपुर स्थित व्हीकल फैक्ट्री भारतीय सेना के लिए वाहन तैयार करती है। व्हीकल फैक्ट्री में तैयार वाहन अलग किस्म के होते हैं। इनमें बम निरोधी से लेकर बुलेट प्रूफ तक होता है। जबलपुर व्हीकल फैक्ट्री में वाहनों का इस्तेमाल अभी तक भारतीय सेना करती है। अब फैक्ट्री ने अफ्रीकी और एशियाई देशों में निर्यात की योजना बनाई है। फैक्ट्री माइन प्रोटेक्टेड व्हीकल्स को दूसरे देशों में निर्यात करेगी। जबलपुर वीएफजे की योजना एमपीवी (माइन प्रोटेक्शन व्हीकल) की नवीनतम 6x6 श्रृंखला का निर्यात करने की है। जबलपुर फैक्ट्री आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (एवीएनएल) के तहत पांच विनिर्माण इकाइयों में से एक है, जो रक्षा मंत्रालय के तहत भारत सरकार का उद्यम है।

# छत पर गिरा पेड़, मुश्किल से बची जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमआईजी थाना क्षेत्र के नेहरु नगर में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक मकान पर पुराना पेड़ गिर गया। इसके गिरते ही पूरे घर में करंट फैल गया। रहवासियों ने कहा कि यह पेड़ घर की छत तक आ गया था। इसकी कटाई के लिए नगर निगम से एक साल से शिकायत कर रहे थे, लेकिन उसकी कटाई करने कोई नहीं पहुंचा। पेड़ गिरने के बाद रहवासी पार्षद लाल बहादुर वर्मा के पास पहुंचे। लेकिन वे नहीं मिले। हालांकि कुछ देर बाद निगम अमला वहां पहुंचा और पेड़ की कटाई शुरू कर दी।

# पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सराहनीय पहल दाना-पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर की सामाजिक संस्था बीइंग रेस्पॉन्सिबल इस वर्ष भी दानापानी पहल कर रही है, जिसकी थीम है बेजुबान हैं, तो हुआ, प्यास उन्हें भी लगती है। इस पहल के अंतर्गत मिट्टी के सकोरे और ज्वार-बाजरे का वितरण किया जा रहा है, ताकि घर की छत पर आकर पक्षी अपनी भूख और प्यास बुझा सकें। यह पहल पूर्णतः निःशुल्क और निःस्वार्थ है। दाना-पानी पहल के बारे में बात करते हुए, बीइंग रेस्पॉन्सिबल के सदस्य विनीत भट ने कहा हमारा छोटा-सा प्रयास घरों के आस-पास उड़ने वाले परिंदों की प्यास बुझाकर उनका जीवन बचा सकता है। जिस तरह से हमारे लिए गर्मियों में जगह-जगह प्याऊ की व्यवस्था की जाती है, ठीक वैसे ही पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था की जाना चाहिए।

# श्रीराम भक्त केवट महाराज जयंती जन्म उत्सव मनाया गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 15 मई को निषाद वंशीय आदिवासी भोई-कहार-केवट-माझी समाज अहिल्या पल्टन इन्दौर के अध्यक्ष गणेश रायकवार एवं समाजसेवी उमाशंकर रायकवार ने बताया कि केवट महाराज का जन्म उत्सव सुबह 10 बजे ऋण मुक्तेश्वर महादेव- हनुमान मंदिर के प्रांगण में केवट महाराज भगवान श्रीराम-सीताजी-लक्ष्मणजी की नाव में बिठाकर गंगा पार लगाते हुए चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना कर श्री रामायण रामचरित्र मानस में उल्लेख अध्योध्या कांड श्रीराम-केवट संवाद पर प्रकाश डाला गया तथा पूजा-अर्चना के साथ ही केवटजी की महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विलहरा जिला सागर की 13 वर्ष की कन्या के साथ 3 लड़कों ने अपहरण कर बलात्कार करके नदी में डुबाकर मार डाला, इसके विरोध में इन्दौर के सभी उपस्थित समाज बंधुओं ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री से मांग करते हुए फांसी की सजा अपराधियों को दी जाये। इस अवसर पर आनंद रायकवार, बालकिशन रायकवार, हेमा कश्यप, रामप्रसाद वर्मा एवं जीतू मेहरा आदि अनेक समाजबंधु माता-बहनें



# डीएवीवी की परीक्षाओं का ढर्रा बिगड़ा

## कॉपियों की कमी के कारण होगी देरी, अगला सत्र भी होगा लेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **लोकसभा चुनाव की वजह से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था बुरी तरह बिगड़ गई है। मार्च में शुरू हुई स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं अभी तक खत्म नहीं हुई है। बीए-बीएससी अंतिम वर्ष के पेपर जून दूसरे सप्ताह तक चलेंगे। इसके बाद स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं करवाई जाएगी। इसके चलते जुलाई से प्रारंभ होने वाला शिक्षा सत्र प्रभावित होगा। अगली बैच की कक्षाएं अगस्त से पहले लगना संभव नहीं है, क्योंकि प्रथम-द्वितीय वर्ष की परीक्षा देने वाले विद्यार्थी ही अगली कक्षा में जाएंगे।**

अप्रैल-मई में होने वाली बीए, बीकॉम, बीएससी सहित अन्य स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षा का टाइम टेबल नहीं आया है। उत्तर पुस्तिकाओं की कमी के चलते भी विश्वविद्यालय जून तीसरे सप्ताह से परीक्षा करवाने जा रहा है। कॉपियों के लिए विश्वविद्यालय ने एजेंसी तय कर दी है, जो अगले कुछ सप्ताह में इन्हें भिजवाना शुरू कर देगी। करीब 10 लाख मुख्य कॉपियों की आवश्यकता है। इस वजह से भी विश्वविद्यालय ने परीक्षा का टाइम टेबल नहीं निकाला है। दोनों परीक्षाओं में करीब 90 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे।

### जल्द जारी होगा शेड्यूल

अधिकारियों के मुताबिक स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा के लिए कई सरकारी-निजी कॉलेजों को केंद्र बनाया है। यह परीक्षा खत्म होने के बाद प्रथम व द्वितीय वर्ष के पेपर रखेंगे, क्योंकि इन परीक्षाओं के लिए भी केंद्र बनाना होंगे। वे बताते है कि एनईपी वाले पाठ्यक्रम होने के चलते परीक्षाएं 45-55 दिन चलेंगी। जून-अगस्त के बीच पेपर होंगे। उसके बाद मूल्यांकन के लिए 60 दिन का समय लगेंगा। इसके चलते अक्टूबर से पहले रिजल्ट आना संभव नहीं है। परीक्षाओं का ढर्रा बिगड़ने से अगला शिक्षा सत्र भी देरी से शुरू होगा। परीक्षा विभाग के सहायक कुलसचिव डा. विष्णु मिश्रा का कहना है कि परीक्षा को लेकर जल्द ही शेड्यूल जारी किया जाएगा।

### मिलेगा अस्थायी प्रवेश

परीक्षा होने के बाद विद्यार्थियों को अगली कक्षा के लिए प्रवेश नवीनीकरण करना होगा। जैसे प्रथम वर्ष के विद्यार्थी द्वितीय और द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राएं अंतिम वर्ष में प्रवेश लेंगे। रिजल्ट नहीं आने तक इन्हें अस्थायी प्रवेश दिया जाएगा। यह प्रक्रिया अगस्त में शुरू होगी। प्रवेश नवीनीकरण के बाद ही विद्यार्थी अगली कक्षा में बैठ सकेंगे।

# इलेक्ट्रिक की दूकान पर भीषण आग मची अफरा तफरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। तीन बत्ती चौराहे स्थित टिल्लू इलेक्ट्रिक की दुकान पर शाम करीब 5.15 बजे भीषण आग लग गई। आग की वजह से आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। आग की वजह से दुकान के तीसरी मंजिल पर रखा लाखो रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग इतनी भीषण थी की उसका धुँवा दो किमी दूर से भी दिखाई दे रहा था।आग लगने की सुचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने काफी मशक्कत कि। करीब दो घंटे बीत जाने के बाद भी आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया जा सका था। इस दौरान काफी भीड़ जमा हो गई थी जिसे पुलिसकर्मियों ने दूर किया।



शहर के तीन बत्ती चौराहा स्थित टिल्लू इलेक्ट्रॉनिक शॉप पर शाम को लगी आग भीषण थी कि 1 घंटे के बाद भी शॉप के तीसरे माले पर इलेक्ट्रॉनिक सामान जलने के बाद धमाके की आवाज हो रही थी। नगर निगम के करीब 10 फायर ब्रिगेड से दमकल कर्मी आग बुझाने का प्रयास करते रहे। इसके बाद हाइड्रोलिक जेसीबी के माध्यम से दमकल गर्मियों ने दुकान की तीसरी मंजिल पर पानी फेक कर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि आग लगने का प्रारंभिक कारण अभी शॉर्ट सर्किट होना बताया गया है।

मौके पर पहुंचे एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया था इलेक्ट्रॉनिक शॉप पर आग लगने की सूचना के बाद तत्काल ही क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था बंद कर दी गई है। वही सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तीन बत्ती क्षेत्र से इंदौर रोड की ओर जाने वाले मार्ग को रोक दिया है । बताया गया की आगजनिक की घटना के कारण दुकान और ऊपरी मंजिल पर स्थित गोदाम पर रखें लाखों को इलेक्ट्रॉनिक समान और इलेक्ट्रिक वायर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। यह इलेक्ट्रॉनिक शॉप संजय खंडेलवाल की बताई गई है।

## रिमांड समाप्ति के बाद पूर्व महामंडलेश्वर मंदाकिनी को जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। धोखाधड़ी की आरोपी पूर्व महामंडलेश्वर मंदाकिनी को 28 मई तक ज्युडिशियल हिरासत में भेजा गया है। एक दिन की रिमांड खत्म होने के बाद बुधवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया,यहां से जेल भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि निरंजनी अखाड़े की पूर्व महामंडलेश्वर मंदाकिनी पुरी पर 10 दिन पूर्व धोखाधड़ी के दो प्रकरण दर्ज हुए थे। जिसके बाद उन्होंने आत्महत्या करने का प्रयास किया था। मंगलवार को अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही महाकाल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था,जहां से एक दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया था। बुधवार को रिमांड अवधि खत्म होने के बाद मंदाकिनी को 28 मई तक के लिए जेल भेज दिया है। मंदाकिनी पर पहले महंत सुरेश्वरानंदपुरी महाराज की शिकायत के बाद 7 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी का प्रकरण चिमनगंज मंडी थाने में दर्ज हुआ। इसके बाद जयपुर के महामंडलेश्वर नर्मदाशंकर ने उज्जैन पहुंच कर अखाडा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी के सामने 8 लाख 90 हजार ठगने की शिकायत दर्ज कराई है। मंदाकिनी ने महामंडलेश्वर नर्मदाशंकर को फोन पर निरंजनी अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर बनाने का प्रलोभन दिया था। बताया था कि करीब 10 से 12 लाख रुपए लगेंगे। इसके बाद महामंडलेश्वर ने बीते 7 महीने में 8 लाख 90 हजार रुपए मंदाकिनी के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। मंदाकिनी के खिलाफ महाकाल थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया गया था।

## 20 मई तक विभाग बताएंगे विभागीय बजट

### स्टेट और सेंट्रल की कॉमन स्कीम होंगी मर्ज, नई योजनाओं के प्रपोजल फाइनेंस को देंगे विभाग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश में संचालित ऐसी कॉमन स्कीम्स जिनका एक ही कार्य के लिए संचालन किया जा रहा है, उन योजनाओं को मर्ज किया जाएगा। वित्त विभाग ने विभागों से कहा है कि केंद्र की योजनाओं के साथ राज्य सरकार की ऐसी योजनाओं को मर्ज कर दिया जाए।**

विभागों को जो भी नई योजना शुरू करनी है, उसके लिए प्रस्ताव तैयार कर प्रशासकीय स्वीकृति के साथ वित्त विभाग को भेजना होगा। जुलाई में विधानसभा में पेश किए जाने वाले बजट की तैयारियों में जुटे वित्त विभाग ने कहा है कि इस बार भी जेंडर बजट, चाइल्ड बजट और कृषि बजट वित्त मंत्री अलग से बताएंगे। वित्त विभाग की बजट तैयारियों को लेकर जारी निर्देश में कहा है कि इन योजनाओं के लिए बजट सीलिंग के अंतर्गत बजट तय किए जाएंगे। नई योजनाएं वित्त विभाग के स्तर पर ही खोली जाएंगी। भारत सरकार की नई योजनाओं के लिए केंद्र के बजट में प्रावधान होने पर ही राज्य के बजट में ऐसी नई योजना का प्रावधान किया जाएगा। जिन योजनाओं में कंटीन्यूटी की जरूरत नहीं होगी, उसमें बजट प्रस्ताव नहीं दिए जाएंगे। एक समान योजनाएं होने की स्थिति में ऐसी योजनाओं के संविलियन का प्रस्ताव तैयार कर वित्त विभाग को भेजना होगा। यह निर्देश भी दिए हैं कि पिछले वित्त वर्ष में जिन योजनाओं के प्रावधान किए गए हैं, उन सभी योजनाओं के प्रस्ताव विभाग वर्ष 2024-25 के बजट के लिए भेजेंगे और जिनमें बजट की जरूरत नहीं है, उसमें शून्य बजट की जानकारी दी जाएगी।

### छूट से राजस्व नुकसान तो जानकारी देंगे विभाग

वाणिज्यिक कर, ऊर्जा, औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग के साथ एमएसएमई, नवीन और नवकरणीय ऊर्जा तथा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी, राजस्व और लोक सेवा प्रबंधन विभाग द्वारा नियमों के आधार पर पिछले दो सालों से अगर कहीं छूट दी जा रही है और इससे विभाग के राजस्व पर प्रभाव पड़ रहा है तो इसकी जानकारी भी वित्त विभाग को ऐसे विभागों की ओर से देना होगी। यदि किसी विभाग में अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी की अब तक पदस्थापना नहीं है लेकिन आने वाले समय में पदस्थापना संभावित हो तो विभाग के प्रस्ताव में इसका उल्लेख किया जाना चाहिए।

### संचालित न होने वाली योजनाएं बजट सीलिंग में आएंगी

जिन योजनाओं को आगामी वर्षों में संचालित नहीं किया जाना है उनका व्यय बजट सीलिंग में शामिल कर विभाग बजट प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजेंगे। नई नियुक्तियों और सेवानिवृत्ति के चलते आने वाले व्यय भार की जानकारी विभागों को अलग से भेजना है। विभाग ने कहा है कि महिलाओं की योजनाओं के मद्देनजर जेंडर बजट, बच्चों के सर्वांगीण विकास के चलते चाइल्ड बजट और कृषकों को लाभ दिलाने के लिए इनसे संबंधित बजट का प्रावधान बजट प्रस्ताव में अलग से देना होगा। जेंडर बजट और चाइल्ड बजट में उन योजनाओं का उल्लेख अलग से करना होगा जिसमें 100 प्रतिशत बजट लगेगा और उनका अलग डिटेल देना होगा जिसमें 30 प्रतिशत बजट खर्च प्रस्तावित होगा।

कांग्रेस की प्रदेश टीम बनाने की कवायद शुरू

## लोकसभा चुनाव की वोटिंग से फ्री होते ही पटवारी बोले-अब संगठन को मजबूत करेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद दिसंबर के महीने में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को हटाकर जीतू पटवारी को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया था। पीसीसी चीफ बनने के 4 महीने बीतने के बाद भी पटवारी कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी नहीं बना पाए। लोकसभा चुनाव भी पटवारी ने बिना टीम के ही लड़ा। मध्यप्रदेश की 29 सीटों पर लोकसभा चुनाव का मतदान होने के बाद पटवारी ने अब संगठन को दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दी है। लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद वोटर्स, कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देने के साथ ही पटवारी ने कहा कि अब कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे।

### पटवारी बोले-सारा दोष बीजेपी को नहीं दे सकते...हमारी भी कमियां हैं

बुधवार को जीतू पटवारी ने कहा- तीन महीने पहले इतनी बड़ी हार के बाद कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाई। अब आश्चर्यचकित करने वाले परिणाम आएंगे। मैं ये मानता हूं कि यदि डबल डिजिट में यहां की लोकसभा सीटें आएं तो बहुत आश्चर्य मत समझना। हम विपक्ष में हैं, चुनाव आए हमने चुनाव की प्रोसेस पूरी की। अब संगठन को मजबूत कर आइडियोलॉजी पर काम करना हमारा दायित्व है।

हम तीन-चार चुनाव हारे हैं। इसका हम सारा दोष बीजेपी को नहीं दे सकते। हमारी भी कमियां हैं उनमें सुधार करना है। मैं मानता हूं कि उस पर काम चालू है। जल्दी अच्छे-अच्छे परिणाम कांग्रेस के साथियों को मिलेंगे।



### PCC की टीम में 50 से कम वालों को मिलेगी जगह

कांग्रेस के सूत्र बताते हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद अब जीतू पटवारी प्रदेश कांग्रेस की मुख्य कार्यकारिणी के साथ ही अब फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन और विभागों, प्रकोष्ठों में बदलाव करेंगे। पटवारी पीसीसी की नई टीम में 50 साल से कम उम्र के कार्यकर्ताओं को मौका देंगे। इनमें कुछ नौजवान विधायकों को भी शामिल किया जा सकता है।

### यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति

पिछले महीने युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से डॉ. विक्रांत भूरिया ने इस्तीफा दे दिया था। विक्रांत ने पिता कांतिलाल भूरिया के चुनाव प्रचार में समय देने का हवाला देते हुए युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद ग्वालियर के मितेंद्र सिंह यादव को युवा कांग्रेस को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। 9 अप्रैल को प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद से ही मितेंद्र ने प्रदेश भर में चुनावी दौरे शुरू कर दिए थे।

### महिला कांग्रेस सहित पूरी कांग्रेस में होगा बदलाव

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पीसीसी के टीम के साथ ही महिला कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, एससी कांग्रेस, एसटी कांग्रेस और सभी विभागों, प्रकोष्ठों में नई नियुक्तियां होंगी।

### दफ्तर में रेनोवेशन का काम चालू

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के भवन में भी पटवारी ने रेनोवेशन का काम शुरू कराया है। पीसीसी की पूरी बिल्डिंग का मेंटेनेंस किया जाएगा। बुधवार को पटवारी ने संगठन प्रभारी राजीव सिंह के साथ पूरे पीसीसी कार्यालय का निरीक्षण किया है।

### मेन गेट होगा बंद

कमलनाथ के प्रदेश अध्यक्ष रहते वास्तुविदों की सलाह पर मेन गेट से ना आकर सिंधु भवन वाली सड़क वाले गेट से आते-जाते थे। अब पीसीसी का मेन गेट बंद करके साइड गेट और सिंधु भवन रोड वाले गेट चालू रखे जाएंगे। यानी पूरी आवाजाही सिंधु भवन वाली रोड से ही रखी जा सकती है।

## तेंदू पत्ता तोड़ रहे ग्रामीण पर झपटा तेंदुआ, घायल; साथियों ने शोर मचाकर बचाया



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**देवास** । ले में गुरुवार सुबह तेंदुए ने हमला कर ग्रामीण को घायल कर दिया। घटना खातेगांव के विक्रमपुर सब रेंज की है। यहां आमला - हरणगांव के बीच जंगल में जगदीश माली तेंदू पत्ता तोड़ रहे थे। उनके साथियों ने शोर कर तेंदुए को भगाया। घायल हालत में जगदीश को आमला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से डिप्टी रेंजर सजनलाल वर्मा खुद अपनी कार से उन्हें खातेगांव के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। उनके शरीर पर तेंदुए के नाखूनों के जख्म हैं।

## संपादकीय

### लापरवाही पर लगाम नहीं

मुंबई में सोमवार को आई तेज आंधी और बेमौसम बारिश के दौरान कई लोगों की मौत को किसी हादसे की तरह ही देखा जाएगा। मगर सच यह है कि इसके पीछे संबंधित महकमों की बहुस्तरीय लापरवाही मुख्य वजह है। विडंबना यह है कि ऐसे हादसों की वजहें जगजाहिर होती हैं, मगर उसकी ओर से आंखें मूंद ली जाती हैं और मामला जब तूल पकड़ लेता है तब अफसरों की नींद खुलती है। वरना क्या वजह है कि जहां बारिश-तूफान से बचने के लिए या किसी अन्य मौके पर काफी लोग इकट्ठा हो सकते हैं, वहां ऐसे विशाल होर्डिंग लगाने की छूट दी जाए, जो तेज आंधी में गिर जा सकता था। गौरतलब है कि मुंबई में धूलभरी आंधी के दौरान घाटकोपर में एक पेट्रोल पंप के पास खड़ा सौ फुट से ज्यादा लंबा बिलबोर्ड गिर गया। वहीं खड़े सौ से ज्यादा लोग उसकी चपेट में आ गए, जिनमें चौदह लोगों की मौत हो गई और चौहत्तर घायल हो गए। प्रथम दृष्टया इस हादसे की वजह तेज आंधी को कहा जा सकता है। मगर केवल बिगड़े मौसम पर इसकी जिम्मेदारी नहीं थोपी जा सकती। हैरानी की बात यह है कि मुंबई में एक मुख्य जगह पर लगे इस होर्डिंग को बाद में अवैध बताया गया, जिसे लगाने के लिए कोई अनुमति भी नहीं ली गई थी। विचित्र है कि मुंबई जैसे महानगर में, जहां किसी इलाके में फुटपाथों तक पर लगने वाली दुकानों के वैध-अवैध होने के बारे में प्रशासन को पूरी जानकारी रहती हो, वहां सौ फुट से ज्यादा ऊंचा होर्डिंग खड़ा था और उसके अवैध होने के बारे में जानकारी हादसे के बाद सामने आई। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के दौरे के बाद शहर में सभी होर्डिंगों के संरचनात्मक आडिट का आदेश दिया गया है, बृहन्मुंबई महानगर पालिका राजकीय रेलवे पुलिस की जमीन पर लगे बाकी सभी होर्डिंग को हटाएगी और पुलिस ने होर्डिंग के मालिक पर गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। शहरों-महानगरों में हर तरफ अवैध होर्डिंग खतरनाक तरीके से खड़े दिख जाते हैं। मगर समूचे प्रशासन के स्तर पर सक्रियता आखिर किसी हादसे और उसमें लोगों के मारे जाने के बाद ही क्यों दिखाई देती है? अगर संबंधित महकमों ने समय रहते अपनी ड्यूटी और जिम्मेदारी के प्रति ईमानदारी बरती होती तो शायद इस हादसे को रोका जा सकता था।

**अर्ज़ किया है..!**

*मुझ से नफ़रत है अगर*
*उस को तो इज़हार करे*
*कब मैं कहता हूँ मुझे*
*प्यार ही करता जाए*

-इफ़्तिख़ार नसीम

Osho कहिन

**ठोकरे खाकर भी ना संभले तो मुसाफिर का नसीब। वरना पत्थरों ने तो अपना फर्ज निभा ही दिया था।**



**धर्म-कर्म**

# सीता नवमी पर करें लक्ष्मी प्राप्ति के ये 5 अचूक उपाय, जल्द दिखने लगेगा असर

सीता नवमी वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। इस साल सीता नवमी गुरुवार 16 मई को है। सीता नवमी माता सीता के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाई जाती है। मान्यता है कि सीता नवमी के दिन लक्ष्मी स्वरूपा सीता माता की पूजा करने और कुछ खास उपाय करने से आपको धन की प्राप्ति होती है और आपके घर में सुख समृद्धि बढ़ती है। आइए आपको बताते हैं सीता नवमी के दिन किए जाने वाले कुछ आसान से लेकिन अचूक उपाय।



### माता सीता को लगाएं खीर का भोग

सीता नवमी के दिन माता सीता को चावल और मखाने की खीर का भोग लगाएं। मान्यताओं के अनुसार माता सीता को लक्ष्मी का अवतार माना जाता है। मां लक्ष्मी को खीर बेहद प्रिय होती है। इस खीर का भोग लगाने के बाद इसे प्रसाद के रूप में कन्याओं के बीच मं बांट दें। इस उपाय को करने से आपके घर में बरकत आती है और मां लक्ष्मी की कृपा बरसती है।

### गरीबों को करें दान

सीता नवमी के दिन गरीब और जरूरतमंद लोगों को सामश्र्य के अनुसार दान भी करें। आपके हाथ से पुण्य के कार्य होते देख मां लक्ष्मी आपसे बहुत प्रसन्न होंगी और आपकी सभी इच्छाएं पूर्ण करेंगी। इस दिन जरूरतमंद लोगों को वस्त्र दान करें या फिर खाने की वस्तुएं दान करना और फल दान करना भी बहुत अच्छा माना जाता है।

### श्रृंगार की वस्तुएं दान करें

सीता नवमी के शुभ अवसर पर विवाहित महिलाओं को सीता माता को श्रृंगार की वस्तुएं अर्पित करनी चाहिए। उसके बाद श्रृंगार सामग्री किसी जरूरतमंद महिला को दान कर दें। इस उपाय को करने से आपके घर में सुख समृद्धि आती है और विवाहित महिलाओं के पति की उम्र भी लंबी होती है। माता लक्ष्मी भी इस उपाय से प्रसन्न होकर आपके घर में धन की कमी को दूर करती हैं।

### अक्षत से जुड़े उपाय

सीता नवमी की रात को हल्दी लगे अक्षत लाल कपड़े में बांधकर सोने से पहले तिजोरी में रख दें तिजोरी को रात भर खुला रहने दें। इस उपाय को करने से लक्ष्मी का आपके घर में प्रवेश होता है। आपके घर में सुख समृद्धि आती है और घर में आर्थिक समृद्धि बढ़ती है। आपके परिवार के सभी लोगों की तरक्की होती है।

### इस उपाय से मनोकामना होगी पूरी

सीता नवमी के दिन आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए आपको स्वयं पीले वस्त्र पहनने चाहिए। इसके साथ ही माता सीता और भगवान राम को भी पीले वस्त्र अर्पित करें। पीले फूल चढ़ाएं और पीले पकवान से भोग लगाएं। इस उपाय को करने से आपके घर में आय के नए स्रोत बढ़ेंगे और धन वैभव में वृद्धि होगी।

Uttarakhand

# भक्तों का सैलाब संभालना मुश्किल, चारधाम में इस बार रिकॉर्ड भीड़, इंतजाम बढ़ाने में जुटी सरकार

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2024 में तीर्थ यात्रियों का हुजूम उमड़ पड़ रहा है। 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा के पहले पांच दिनों में यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धामों में तीर्थ यात्रियों की रिकॉर्ड संख्या पहुंचने से हिमालयी क्षेत्र में उपलब्ध संसाधनों पर दबाव पड़ा है।

हिन्दुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, देश के कई राज्यों से तीर्थ यात्रियों की भारी भीड़ को देखते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव मीनाक्षी सुदरम को उत्तरकाशी में कैंप कर स्थिति की निगतानी और उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। कहा कि यात्रा मैनेजमेंट को लेकर प्रबंध उचित ढंग से होने चाहिए। इसने राज्य सरकार को स्थिति



को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धानी ने अपने सचिव मीनाक्षी सुंदरम को उत्तरकाशी में तैनात रहने और जिला मजिस्ट्रेट के साथ यात्रा व्यवस्थाओं की निगरानी करने और उचित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है। चारधाम यात्रा के शरुआती पांच दिनों में यमुनोत्री धाम में रिकॉर्ड संख्या में 59,158 श्रद्धालु पहुंचे, जबकि गंगोत्री धाम में 48,378 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। विदित हो कि दोनों धामों के कपाट 10 मई को खुले थे और तब से अबतक 10,7536 दर्शन कर चुके हैं। विदित हो कि पिछले साल 2023 में पहले पांच दिनों में 31647 तीर्थयात्री यमुनोत्री धाम पहुंचे थे, जबकि गंगोत्री धाम में 32143 भक्त पहुंचे थे, पहले पांच दिनों में कुल 63790 भक्तों ने इन दोनों धामों के दर्शन किए थे।

Chandigrah

## हवन के धुएं से भड़क गई मधुमक्खियों ने किया ग्रामीणों पर हमला, 26 लोग घायल 6 की हालत गंभीर



**रायपुर, (एजेंसी)** गांव में चल रहे पूजा पाठ के दौरान हुए हवन के बाद ग्रामीणों पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया है। यह मामला छत्तीसगढ़ के जगदलपुर का बताया जा रहा है, जहां पूजा पाठ के बाद हवन के धुएं से भड़की मधुमक्खियों ने वहां मौजूद लोगों को काटना शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि इस हमले में गांव के 26 लोग घायल हो गए हैं। वहीं 6 लोग गंभीर बताए जा रहे हैं।

इस घटना में सभी घायलों को उपचार के लिए जगदलपुर के महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक नगरनार थाना अंतर्गत ग्राम बिलोरी में पूजा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां पूजा-पाठ का कार्यक्रम चल रहा था वहां पर बड़ी संख्या में मधुमक्खियों के छत्ते थे। जब वहां पूजा हो रही थी उस दौरान वहां पूजा की आग जलाने से उठे धुएं की वजह से छत्ते से मधुमक्खियां बाहर निकलकर ग्रामीण पर टूट पड़ी। इस दौरान मधुमक्खियों ने कई लोगों को काट लिया। मधुमक्खियों के इस हमले में कई लोगों को मामूली तौर पर भी डंक लगा है जिनका प्राथमिक उपचार गांव में ही किया गया है। मधुमक्खियों के इस हमले में वहां मौजूद जिन ग्रामीणों को बड़ी संख्या में मधुमक्खियों का डंक लगा है, उन्हें महारानी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। जहां डॉक्टर की देखभाल में उनका इलाज किया जा रहा है।

Noida

## नोएडा में तेज रफ्तार BMW कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 2 लोगों की मौत, एक आरोपी फरार

**नोएडा, (एजेंसी)** दिल्ली से सटे नोएडा में एक बीएमडब्ल्यू कार ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी. इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए. ये घटना नोएडा थाना सेक्टर 24 की है. गुरुवार सुबह लगभग छह बजे एक ई-रिक्शा सिटी सेंटर से 12-22 की तरफ जा रहा था. कि तभी एक तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू कार ने ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी. ई-रिक्शा में पांच लोग सवार थे. घटना में घायल सभी पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हैं. पुलिस ने बीएमडब्ल्यू सवार दो लोगों को हिरासत में ले लिया है जबकि एक फरार बताया जा रहा है.



Maharashtra

## नागपुर में फ्लाईओपर से कूदी महिला, पुलिस ने सोशल मीडिया पर शेयर की फोटो तो परिवार को 5 घंटे बाद पता चला

**नागपुर, (एजेंसी) महाराष्ट्र के नागपुर में एक महिला फ्लाईओवर से कूद गई, जिसमें वो गंभीर रूप से घायल हो गई. उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हालांकि अबतक फ्लाईओवर से कूदने के पीछे की वजह सामने नहीं आई है.**



एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि नागपुर में एक फ्लाईओवर से कूदने के बाद 20 वर्षीय एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, जरीपटका पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि तनिष्का रोशन नागरारे नाम की महिला बुधवार दोपहर करीब तीन बजे शहर के मेकोसाबाग फ्लाईओवर से गिर गई. उन्होंने बताया कि आवले नगर की रहने वाली नागरारे को सिर में गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उन्हें नजदीकी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस पीड़ित महिला की पहचान नहीं कर पाई तो उसकी फोटो को सोशल मीडिया पर शेयर किया और इस घटना के बारे में बताया. इस पोस्ट को शेयर करने के करीब पांच घंटे बाद, नागरारे के परिवार को इस घटना के बारे में पता चला. उन्होंने कहा कि वे अभी तक फ्लाईओवर से कूदने के उसके फैसले के पीछे की वजह पता नहीं लगा पाए हैं.

खेल

# नीरज चोपड़ा ने 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीता स्वर्ण, मनु को रजत पदक

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में चल रहे फेडरेशन कप के भाला फेंक स्पर्धा के नतीजे आ चुके हैं। भारत के स्टार एथलीट और टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा ने भी इसमें हिस्सा लिया और उन्होंने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नीरज के अलावा किशोर जेना और डीपी मनु ने भी इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। नीरज और जेना पहले ही पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं और इसी वजह से सीधे फाइनल्स में उतरे थे। नीरज ने 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, डीपी मनु 82.06 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ दूसरे स्थान पर रहे। उत्तम पाटिल ने 78.39 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

26 साल के नीरज इस टूर्नामेंट दोहा डायमंड लीग खेलकर आ रहे हैं। दोहा डायमंड लीग में वह दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने वहां 88.36 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। वह चेक गणराज्य के जाकुब वादलेच से दो सेंटीमीटर से पिछड़ गए थे। जाकुब ने 88.38 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था। हालांकि, फेडरेशन कप में नीरज उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके और 82.27 मीटर का ही आंकड़ा छुआ। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। हालांकि, वह कई बार बयान दे चुके हैं कि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी बाकी है और आगामी फेडरेशन कप में नीरज 90 मीटर के आंकड़े को छूने की कोशिश करेंगे, लेकिन फेडरेशन कप में ऐसा नहीं हो सका।




फेडरेशन कप जेवलिन थ्रो के फाइनल में नीरज के अलावा किशोर जेना, डीपी मनु, रोहित कुमार, शिवपाल सिंह, प्रमोद, उत्तम बालासाहेब पाटिल, कुंवर अजयराज सिंह, मनजिंदर सिंह, बिबिन एंटोनी, विकास यादव और विवेक कुमार ने हिस्सा लिया। यह ओलंपिक क्वालिफिकेश का भी जरिया था। पेरिस ओलंपिक के भालाफेंक स्पर्धा में नीरज और जेना पहले ही क्वालिफाई कर चुके हैं। बाकी एथलीट्स को क्वालिफाई करने के लिए 85.50 मीटर का दायरा पार करना था। हालांकि, कोई ऐसा नहीं कर पाया।

### नीरज-जेना और मनु के छह प्रयास

**पहला प्रयास-** पहले प्रयास में मनु ने 82.06 मीटर के थ्रो के साथ लीड बना ली। नीरज ने 82 मीटर का थ्रो किया, जबकि किशोर का पहला प्रयास फाउल रहा।

**दूसरा प्रयास-** मनु का दूसरा प्रयास 77.23 मीटर का रहा। नीरज का दूसरा प्रयास फाउल रहा। वह लाइन से आगे बढ़ गए थे।

**तीसरा प्रयास-** मनु का तीसरा प्रयास 81.43 मीटर का रहा। वहीं, नीरज ने अपने तीसरे प्रयास में 81.29 मीटर का थ्रो किया। जेना का तीसरा प्रयास फाउल रहा।

**चौथा प्रयास-** जेना ने अपने चौथे प्रयास में भी फाउल किया। वहीं, नीरज ने चौथे प्रयास में 82.27 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ लीड बनाई। वह मनु से आगे निकल गए हैं। हालांकि, नीरज ने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा पाए हैं। मनु का चौथा प्रयास 81.47 मीटर का रहा।

**पांचवां प्रयास-** जेना का पांचवां प्रयास 75 मीटर से भी कम का रहा। उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा। वहीं, मनु का पांचवां प्रयास 81.47 मीटर का रहा। नीरज ने पांचवें प्रयास से पास लिया और थ्रो नहीं किया।

**छठा प्रयास-** नीरज ने छठा प्रयास भी स्किप किया और थ्रो तक नहीं किया। उन्होंने खुद पर ज्यादा दबाव नहीं बनने दिया। वहीं, डीपी मनु का छठा प्रयास 75 मीटर भी पार नहीं कर सका। किशोर जेना का छठा प्रयास 75.25 मीटर का रहा।

सिनेमा

## इलेक्शन में बिजी कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी हुई पोस्टपोन, मेकर्स बोले- हमारी क्वीन देश की सेवा में जुटी है



कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी का फैंस कबसे इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं और उन्होंने ही फिल्म को डायरेक्ट भी किया है, लेकिन लगता है अभी फैंस का इंतजार खत्म नहीं होने वाला है। कंगना की फिल्म एक बार फिर पोस्टपोन हो गई है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर अनाउंस किया कि फिल्म 14 जून 2024 को रिलीज नहीं हो रही है। उन्होंने इसकी वजह भी बताई है। सोशल मीडिया पर कंगना के प्रोडक्शन हाउस मणिकर्णिका फिल्म्स ने पोस्ट शेयर किया जिसमें लिखा है, हमारी क्वीन कंगना रनौत को जो प्यार मिल रहा है उससे हमारा दिल भर गया है। अब जैसा कि उन्होंने अपनी ड्यूटी देश के लिए लगाई हुई है इसलिए फिल्म इमरजेंसी की रिलीज को पोस्टपोन किया जा रहा है। हम आपसे वादा करते हैं कि जल्द आपको नई रिलीज डेट का अपडेट मिलेगा। थैंक्यू आपके सपोर्ट के लिए। अब इन दिनों सब देख ही रहे हैं कि कंगना, लोकसभा इलेक्शन के लिए मंडी से लड़ने वाली हैं। इसी काम में वह बहुत बीजी हैं और इसी वजह से वह फिल्म के काम या प्रमोशन में शामिल नहीं हो पाएंगी।




1. BJP & Congress ask voters to listen to Acharya Prashant before voting
2. Bride and groom must maintain list of gifts received at wedding: Allahabad High Court
3. TDP leader Bhuma's bodyguard hit by car, chased on road in 'murder attempt'
4. Chaos at Ghatkopar station after metro services suspended amid PM's roadshow

# When Bill Gates predicted decline of iPod: 'As good as Apple may be...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple's iPod has been used by music lovers ever since it was launched over two decades ago. But Microsoft founder Bill Gates had predicted the decline of the iPod not very long after it was launched. In an interview with a German newspaper in 2005, Bill Gates reflected on the success of Apple's iPod which was launched in 2001. He then said, "As good as Apple may be, I don't believe the success of the iPod is sustainable in the long run. You can make parallels with computers: Apple was very strong in this field before, with its Macintosh and its graphic user interface - like the iPod today - and then lost its position."



He added, "If you were to ask me which mobile device will take top place for listening to music, I'd bet on the mobile phone for sure."

Bill Gates' prediction has been almost accurate as smartphones have taken over Apple's iPod.

This comes as Bill Gates' former wife Melinda French Gates said that she would resign as co-chair of the Bill & Melinda Gates Foundation next month. In a statement on X (formerly Twitter) she said that this was a "critical moment" to protect and advance women's rights globally.

She said, "After careful thought and reflection, I have decided to resign from my role as co-chair of the Bill & Melinda Gates Foundation. My last day of work at the foundation will be June 7th. This is not a decision I came to lightly. I am immensely proud of the foundation that Bill and I built together and of the extraordinary work it is doing to address inequities around the world. I care deeply about the foundation team, our partners around the world, and everyone who is touched by its work."

# Narayana Murthy wants new government to follow this: 'Compassionate capitalism can...'

**NEW DEIHI, (Agency).** IT industry veterans N R Narayana Murthy and Kris Gopalakrishnan said that they hope the upcoming government gives honest entrepreneurs free play and remove any hurdles in accelerating wealth creation for the country. The Infosys founder told the Economic Times that he wants the new government to embrace compassionate capitalism as "neither socialist nor communist systems led to a satisfactory outcome in the past".



He also said that room should be given to 99% of honest entrepreneurs to move fast and create lots of jobs in the country while those who flout rules should be punished. Both the veterans also supported increase in funding for research and higher academic institutes in the country by both the private and public sector.

Kris Gopalakrishnan told ET, "We also need to increase our funding for research, both from private and public....more is needed. Look at US universities -- MIT, Harvard, Stanford, etc -- they get endowments worth billions of dollars, so I hope that our alumni will contribute more to our institutions."

# पार्टी में विवाद के बाद देर रात हत्या

## चाकू मारकर उतारा मौत के घाट, सगे भाई सहित तीन दोस्त बने आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में बुधवार देर रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा है।**

एरोड्रम पुलिस के मुताबिक मृतक सुरेन्द्र सिंह पुत्र रामसिंह कुशवाह निवासी छोटा बांगड़दा है। बताया जाता है कि सुरेन्द्र बुधवार रात एक पार्टी में था। इसी दौरान आरोपियों से उसका विवाद हुआ। तब बदमाशों ने उसे चाकू मार दिया। इस मामले में पुलिस ने नीरज पुत्र बद्रीनाथ पांडे निवासी रूकमनी नगर उसके भाई धीरज और संजू उर्फ संजय पुत्र कैलाश असयरा निवासी अशोक नगर पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को बुधवार देर रात ही हिरासत में ले लिया है।

परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक संजू बुधवार रात में दुकान से आने के बाद सुरेन्द्र को साथ ले गया। इसके बाद कहीं पार्टी में इनका विवाद हुआ। सुरेन्द्र रात में घर आया। यहां पत्नी ऐश्वर्या से बात की। ओर बताया कि उसके साथ नीरज ओर धीरज ने मारपीट की है। इसी दौरान आरोपी रास्ते में उसका पीछा करते हुए घर पहुंचे। यहां चाकूओं से सिर,पेट ओर गर्दन पर वार किये। पुलिस के मुताबिक उसे गंभीर चोट आई थी। फिलहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है। परिवार के मुताबिक सुरेन्द्र राजबाड़ा पर कपड़े का ठेला लगाता है। उसके परिवार में एक बेटा, बेटी और पत्नी ऐश्वर्या है। वहीं एक बड़ा भाई सुनील ओर एक छोटा भाई सोनू और माता-पिता है।

### 35 लाख की एमडी ड्रग्स के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

इंदौर। नारकोटिक्स विंग ने पाक अधिकृत कश्मीर से सप्लाई की गई 35 लाख रु. की एमडी ड्रग्स पकड़ी है। टीम ने तस्करों का पीछा किया तो उन्होंने सिपाहियों की आंखों में मिर्ची झोंकी और दो को हाथ पर काटा भी। पर पुलिस ने सलीम पिता फेजू खान निवासी बेडाई कसरवाद और शाहरुख पिता अजीत मुंडा निवासी बिष्ठान (खरगोन) को दबोच लिया। इंदौर नारकोटिक्स विंग के डीआईजी महेश चंद जैन के निर्देश पर टीआई प्रवीण ठाकरे की टीम ने यह कार्रवाई की। विंग ने गांव से ही पीछा करके उन्हें इंदौर रोड स्थित कसरावद कब्रिस्तान छोटा नाका के पास घेर लिया और इंदौर ले आए। एसआई वरसिंह खडिया के मुताबिक आरोपियों ने कबूला कि उन्हें जम्मू-कश्मीर का एक ट्रक ड्राइवर माल देकर जाता है। वह पीओके से माल लाता है। इसके बाद इसे इंदौर में सप्लाई किया जाता है। अब टीम उस ट्रक ड्राइवर को भी तलाश रही है।

### चाकूबाजी में युवक घायल

इंदौर। एक शराब दुकान के सामने पुराने विवाद को लेकर आरोपी ने एक युवक पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी वंहा से भाग गया। थाना बाणगंगा पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की वारदात भागीरथपुरा में शासकीय शराब दुकान के सामने हुई। घायल का नाम अमित है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी महेश माली निवासी कुलकर्णी नगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया।घायल ने पुलिस को उपचार के बाद दिए बयान में जानकारी दी कि आरोपी घटना की रात मुझे शराब दुकान के सामने मिला। आरोपी ने पुराने झगड़े की बात को लेकर गालियां दी और बोला तू यंहा क्यों आया है। मैंने उसे गाली देने से मना किया तो उसने अपने पास रखा चाकू निकाला और मुझ पर वार कर दिए। चाकू हाथ में और कुल्हे पर लगा। घायल होकर जब मैंने शोर मचाया तो लोग एकत्र हुए। इसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।

### महिला को कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक आरोपी ने रोड पर महिला से विवाद किया और चेहरे पर ब्लेड मारकर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग गया। जूनी इंदौर पुलिस के मुताबिक हमले की घटना जूनी इंदौर ब्रिज के नीचे किराना दुकान के सामने हुई। घायल का नाम पूजा हरियाले निवासी बीके हरिजन कालोनी है उसकी रिपोर्ट पर आरोपी राहुल उर्फ आलू निवासी कच्चा मसानिया रावजी बाजार के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने घर परिवार की बात को लेकर रोड पर उससे विवाद किया और गालियां दी। जब उसे गाली देने से मना किया तो उसने अपने पास रखी ब्लेड निकाली और हमला कर दिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### शहडोल के छात्र से रेलवे स्टेशन पर मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रेलवे स्टेशन पर शहडोल के छात्र के साथ में मारपीट हो गई। उसका साथी से विवाद हो गया था। दोनों का आमना सामना हो गया तो उसे पीट दिया। अभिषेक राय की शिकायत पर जीआरपी ने केस दर्ज किया है। टीआई संजय शुक्ला ने बताया कि अभिषेक मूल रूप से शहडोल का रहने वाला है। उसने बताया कि उसके साथी का एक्सीडेंट हो गया था। वह उसे देखने के लिए गया तो अस्पताल में पूछ लिया कि एक्सीडेंट हो गया तो कंहा पर चोट आई है इसी बात पर वह नाराज हो गया। उनके बीच में कहासुनी हुई तो वह वापस आ गया। वहां से वापस लौट आया। वह घर लौट रहा था। इसकी जानकारी उसके दोस्तों को थी। स्टेशन की सीढियों पर रोककर उससे विवाद किया और उसे पीट दिया। उसके कान पर गंभीर चोट आई है। टीआई शुक्ला का कहना है कि अभी आरोपी की गिर तारी नहीं हो सकी है हमले के कारण के बारे में आरोपी से भी पूछताछ की जाएगी।

## 11वीं की स्टूडेंट को धमकाया

### पूर्व परिचित दोस्त शादी को लेकर बना रहा था दबाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा में रहने वाली एक युवती ने इलाके में रहने वाले एक आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ करने और धमकाने के मामले में केस दर्ज किया है। पीड़िता के मुताबिक वह आरोपी को पिछले 5 सालो से जानती है। दोनो की दोस्ती भी थी। लेकिन आरोपी की हरकतों की वजह से उससे बात करना बंद कर दी थी।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 19 साल की छात्रा ने बताया कि वह 11 वी क्लास की पढ़ाई कर रही है। राहुल माली जो उसका पूर्व से परिचित है। दोनो अच्छे दोस्त थे। एक दूसरे को पंसद करते थे। लेकिन राहुल की हरकतें ठीक नही थी तो उससे बात बंद कर दी। राहुल ने शादी की बात की। लेकिन पीडिता ने इंकार कर दिया। लेकिन राहुल उसका पीछा नही छोड़ रहा था ओर लगातार धमकियां दे रहा था। मंगलवार की शाम जब भाभी के साथ छात्रा मार्केट गई तो आरोपी ने उसका पीछा किया ओर रास्ते में रोककर पांच मिनट बात करने के लिये कहां। पीडिता ओर उसकी भाभी आगे बढ़ गई। इसके बाद राहुल ने धमकी दी कि फोटो सभी को भेजकर बदनाम कर दूंगा। किसी लडके से शादी करने का सोचा तो उसे मार देगा ओर मेरी भी जान ले लेगा। राहुल इसके बाद वहां से चले गया। पीडिता देर शाम घर पहुंची। परिवार को पूरी जानकारी दी। बुधवार को पीडिता घर पहुंची ओर पुलिस में शिकायत की।

### दुकानदार के साथ शराबी ने की मारपीट

इंदौर। शराब के नशे में धुत्त आरोपी ने एक दुकानदार से विवाद किया और लात घूंसों से पिटाई कर दी। फिर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। गांधीनगर पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना सुपर कारिडोर रोड पर दिलीप नगर कलाली के पास हुई। वासुदेव पिता बाबूलाल कुमावत निवासी दिलीप नगर की रिपोर्ट पर आरोपी महेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया। वासुदेव ने पुलिस को बताया कि मैं अपनी दुकान पर था तभी मेरे गांव का रहने वाला महेश शराब के नशे में आया वह बोला कि मुझे गुटखा पाउच और पानी की बाटल दे दो। मैंने बोला कि आंधी तूफान के कारण मेरी दुकान टूट गई है किसी और दुकान से जो भी सामान खरीदना है खरीद लो। इसी बात को लेकर आरोपी गालियां देने लगा। बोला कि सामान तो तेरी दुकान से ही खरीदेंगे और तू ही मुझे देगा। जब उसे गाली देने से मना किया तो उसने लात घूसों से मारपीट की।




### प्रापर्टी ब्रोकर की पिटाई, लडकी के साथ अश्लील हरकत का आरोप

इंदौर। रॉऊ इलाके में हिंदूवादियों ने एक प्रॉप्ट्री का काम करने वाले वर्ग विशेष के व्यक्ति की पिटाई कर दी। हिंदूवादियों ने आरोप लगाया कि वह आईआईएम के यहां पर एक युवती के साथ कार में अश्लील हरकत कर रहा था। जब उसे पकड़ा तो वह भागने लगा। इस दौरान एक हिंदूवादी पर उसने गाड़ी चढ़ा दी। बाद में पिटाई करके उसे राउ पुलिस के सुपुर्द किया गया। राउ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सलमान खान को हिंदूवादी बुधवार देर रात थाने लेकर पहुंचे थे। यहां हिंदूवादियों ने थाने के बाहर जमकर हंगामा किया। बजरंग दल सयोंजक राम दागी ने जानकारी देते हुए बताया कि सलमान आईआईएम कॉलेज के सामने अंधेरे में कार के अंदर एक हिंदू लडकी से अश्लील हरकत कर रहा था। इस दौरान कुछ लोगो ने उन्हें जानकारी दी। इस दौरान बजरंगी यहां पहुंचे तो सलमान कार से भागने लगा। उसने एक बजरंगी की बाइक पर कार चढ़ा दी ओर मार्केट की तरफ गया। इस दौरान राउ मार्केट में पीछा कर उसे पकड़ा गया। यहां उसकी सामूहिक पिटाई करते हुए पुलिस को सौपा गया। बाद में उसके खिलाफ युवती ने शिकायत दर्ज नही कराई। वही बजरंगी कार्यकर्ता की शिकायत पर जानलेवा हमला 17, 16 का उल्लंघन करने के मामले में केस दर्ज किया गया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक